भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय
आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूर

कार्यालय आदेश सं. **O.O.No.** प्रका **HO/803/006**

दिनांक / **Date: 24.12.2020**

विषय - भेदिया व्यापार के विनियमन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग की संशोधित आचार संहिता तथा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के उचित प्रकटण की पद्धतियाँ और प्रक्रियाओं की संहिता

**Sub: Revised code of conduct for regulating, monitoring and reporting of trading by insiders and code of practices and procedures for fair disclosure of unpublished price sensitive information**

संदर्भ - कार्यालय आदेश सं. प्रका/**803/004** दिनांक **17.04.2019** (यथा संशोधित)

**Ref: Office Order No. HO/803/004 dated 17.04.2019 (as amended)**

**-o0o-**

## 1.0 परिचय / Introduction

1.1 भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) (भेदिया व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 (समय-समय पर यथा संशोधित) (जिसे यहाँ इसके बाद विनियम कहा गया है) के तारतम्य में भेदिया व्यापार के विनियमन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग की संशोधित आचार संहिता तथा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के उचित प्रकटण की पद्धतियाँ और प्रक्रियाओं की निम्नलिखित संहिता (जिन्हें यहाँ इसके बाद संहिता कहा गया है) जारी की जाती हैं। इस विनियम का उद्देश्य भेदिया व्यापार को विनियमित, निगरानी और रिपोर्ट करने की उचित कार्यप्रणाली स्थापित करना और विनियमों की अनुसूची - क और ख में वर्णित न्यूनतम मानकों के आधार पर आचार संहिता तथा आंतरिक प्रक्रियाएँ बनाते हुए अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना का उचित प्रकटण सुनिश्चित करना है।
The following Code of Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading by Insider and Code of Practice and Procedure for Fair Disclosure of Unpublished Price Sensitive Information (hereinafter referred to as the Code) are issued in pursuance of the requirements under the Securities and Exchange Board of India (SEBI) (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, (as amended from time to time) (hereinafter referred to as the Regulations). The object of the Regulations is to set up an appropriate mechanism to regulate, monitor and report trading by insider and ensuring fair disclosure procedure of unpublished price sensitive information by framing code of conduct and internal procedures based on the minimum standards prescribed in Schedule- A & B of the Regulations.

1.2 उक्त अपेक्षाओं के अनुपालन में, कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 4 मई, 2015 को हुई अपनी बैठक में भेदिया व्यापार के विनियमन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग की संशोधित आचार संहिता तथा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के उचित प्रकटण की पद्धतियाँ और प्रक्रियाओं की निम्नलिखित संहिता (जिन्हें यहाँ इसके बाद संहिता कहा गया है) को अनुमोदन प्रदान किया है।
In compliance with the above requirements, the Board of Directors of the Company in their meeting held on 4th May 2015 has approved the Code of Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading by Insider and Code of Practice and Procedure for Fair Disclosure of Unpublished Price Sensitive Information (hereinafter referred to as Code).

1.3 इसके अलावा, सेबी (भेदिया व्यापार का निषेध) (संशोधन) विनियम, 2018 दिनांक 31 दिसंबर 2018 को और सेबी (पी.आई.टी.) विनियम के उत्तरवर्ती संशोधन 21 जनवरी, 2019 और 17 जुलाई 2020 को अधिसूचित किए गए। उक्त संशोधन जो 1 अप्रैल, 2019 और 17 जुलाई 2020 से लागू होते हैं, को ध्यान में रखते हुए, इस संहिता में संशोधन को निदेशक मंडल ने दिनांक 9 मार्च, 2019 और 27 जुलाई 2020 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदन प्रदान किया और यह संशोधित संहिता दिनांक 17 जुलाई 2020 से लागू होगी।

Further, SEBI (Prohibition of Insider Trading) (Amendment) Regulation, 2018 notified on 31st December 2018 and subsequent amendment to SEBI (PIT) Regulations notified on 21st January 2019 and 17th July 2020. In view of the said amendments which are effective from 1st April 2019 and 17th July 2020, the amendment to the Code was approved by the Board of Directors at its meeting held on 9th March 2019 & 27th July 2020 and the revised Code shall be effective from 17th July 2020.

## 2.0 अनुप्रयोज्यता / Applicability

यह संहिता ऐसे सभी पदनामित व्यक्तियों, भेदियों, कोई अन्य संबंधित व्यक्ति और उनके नज़दीकी रिश्तेदार पर लागू होगी जिन्हें इस संहिता के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर कंपनी द्वारा निर्दिष्ट अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना (यू.पी.एस.आई.) प्राप्त हो सकती है। यह संशोधित संहिता दिनांक 17 जुलाई 2020 से लागू होगी।

The Code will be applicable to all the Designated Persons, Insiders, any other connected person and their immediate relatives who are privy to Unpublished Price Sensitive Information (UPSI), specified by the Company from time to time keeping in view the objectives of the Code. The revised Code will come into effect from 17th July 2020.

## 3.0 परिभाषाएँ / Definitions:

3.1 "अधिनियम" से आशय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 से है जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है।

"**Act**" means the Securities and Exchange Board of India Act, 1992, as may be amended from time to time.

3.2 "मंडल" से आशय कंपनी के निदेशक मंडल से है।

"**Board**" means the Board of Directors of the Company.

3.3 **"कंपनी"** से आशय भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से है।

**"Company"** means Bharat Electronics Limited (BEL).

3.4 "संहिता" या **"आचार संहिता"** से आशय भेदिया द्वारा व्यापार को विनियमित, निगरानी और रिपोर्टिंग किए जाने की आचार संहिता तथा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के उचित प्रकटण की पद्धति एवं प्रक्रिया की संहिता से है जिसमें समय-समय पर किए जाने वाले संशोधन / आशोधन भी शामिल होंगे।

"**Code**" or "**Code of Conduct**" shall mean the Code of Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading by Insider and Code of Practice and Procedure for Fair Disclosure Procedure of Unpublished Price Sensitive Information, including any amendments/ modifications made from time to time.

3.5 **"अनुपालन अधिकारी"** से आशय कंपनी के कंपनी सचिव अथवा कंपनी सचिव की अनुपस्थिति में कोई पदनामित वरिष्ठ अधिकारी जो वित्तीय बातों को समझने में सक्षम हैं और इन विनियमों के तहत विधिक एवं विनियामक अनुपालन की अपेक्षाओं को समझने में सक्षम हैं और जो नीतियों, प्रक्रियाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के संरक्षण के नियमों की निगरानी और अनुपालन करने, व्यापार की निगरानी और कंपनी के निदेशक मंडल के समग्र पर्यवेक्षण के अधीन इन विनियमों में निर्दिष्ट संहिताओं के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे।

**"Compliance Officer"** means Company Secretary of the Company or in absence of Company Secretary, any senior officer, designated, who is financially literate and is capable of appreciating requirements of legal and regulatory compliance under these regulations and who shall be responsible for compliance of policies, procedures, maintenance of records, monitoring and adherence to the rules for preservation of unpublished price sensitive

information, monitoring of trades and the implementation of the codes specified in these regulations under the overall supervision of the Board of Directors of the Company.

**स्पष्टीकरण** - इस विनियम के प्रयोजनार्थ, "वित्तीय बातों को समझने में सक्षम" से आशय ऐसे व्यक्ति से है जिनमें मूलभूत वित्तीय विवरणों जैसे तुलन-पत्र, लाभ व हानि खाता और नकदी प्राप्ति की विवरण आदि को पढ़ने और उन्हें समझने की क्षमता हो।
Explanation - For the purpose of this regulation, "financially literate" shall mean a person who has the ability to read and understand basic financial statements i.e. balance sheet, profit and loss account, and statement of cash flows.

3.6 **"संबंधित व्यक्ति"** से आशय / "**Connected Person**" means -

(i) ऐसे व्यक्ति से है, जो किसी भी ओहदे में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कंपनी से संबद्ध है या रहा है जिसमें कंपनी के अधिकारियों के साथ लगातार सम्प्रेषण करने या किसी संविदाजन्य, विश्वासजन्य या नियोजन के संबंध में है या कंपनी का निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी है या स्वयं अपने और कंपनी के बीच किसी पेशेवर या कारोबारी संबंध, अस्थाई या स्थाई, सहित किसी ऐसे पद पर धारित है जिसके कारण ऐसे व्यक्ति को अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना तक, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पहुँच बनती है या उसकी पहुँच होने की औचित्यपूर्ण संभावना है ।
any person who is or has during the six months prior to the concerned act been associated with a company, directly or indirectly, in any capacity including by reason of frequent communication with its officers or by being in any contractual, fiduciary or employment relationship or by being a director, officer or an employee of the Company or holds any position including a professional or business relationship between himself and the Company whether temporary or permanent, that allows such person, directly or indirectly, access to unpublished price sensitive information or is reasonably expected to allow such access.

(ii) पूर्ववर्ती बातों की सामान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निम्नलिखित वर्गों के तहत आने वाले व्यक्तियों को संबंधित व्यक्ति माना जाएगा, जब तक कि इसके विपरीत विनिर्दिष्ट न किया जाए -
Without prejudice to the generality of the foregoing, the persons falling within the following categories shall be deemed to be connected persons unless the contrary is established,

a) खंड (i) में निर्दिष्ट संबंधित व्यक्तियों के नज़दीकी रिश्तेदार; या
an immediate relative of connected persons specified in clause (i); or

b) धारक कंपनी या सह कंपनी या सहायक कंपनी; या
a holding company or associate company or subsidiary company; or

c) अधिनियम की धारा 12 में यथा निर्दिष्ट कोई अंतरमाध्यमिक या उसके कोई कर्मचारी या निदेशक; या
an intermediary as specified in Section 12 of the Act or an employee or director thereof; or

d) निवेश कंपनी, न्यासी कंपनी, परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी या उसके कोई कर्मचारी या निदेशक; या
an investment company, trustee company, asset management company or an employee or director thereof; or

e) स्टॉक एक्सचेंज या निकासी गृह या निगम का कोई अधिकारी; या
an official of a stock exchange or of clearing house or corporation; or

f) किसी म्युच्युअल फंड के न्यासी मंडल का सदस्य या म्युच्युअल फंड की परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य या उसके कोई कर्मचारी; या
a member of board of trustees of a mutual fund or a member of the board of directors of the asset management company of a mutual fund or is an employee thereof; or

g) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(72) में यथा परिषाभित, किसी सरकारी वित्तीय संस्थान के निदेशक मंडल का कोई सदस्य या कर्मचारी; या
a member of the Board of directors or an employee, of a public financial institution as defined in section 2 (72) of the Companies Act, 2013; or

h) मंडल द्वारा मान्य या प्राधिकृत किसी स्व-विनियामक संगठन के कोई अधिकारी या कर्मचारी; या
an official or an employee of a self-regulatory organization recognised or authorized by the Board; or

i) किसी कंपनी के बैंकर; या
a banker of the Company; or

j) कोई संस्थान, फर्म, न्यास, हिन्दु अविभाजित परिवार, कंपनी या व्यक्तियों का संघ जिसमें कंपनी के निदेशक या उनके नज़दीकी रिश्तेदार या कंपनी के बैंकर का दस प्रतिशत से अधिक का शेयरधारण या हित है।
a concern, firm, trust, hindu undivided family, company or association of persons wherein a director of the Company or his immediate relative or banker of the Company, has more than ten per cent, of the holding or interest.

3.7 "बंद अवधि" से आशय / **"Closed Period"** means -

a) अवधि जो प्रत्येक वित्तीय तिमाही के अंत से शुरु होती है और तिमाही / अर्धवार्षिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों (लेखा परीक्षित या अपरीक्षित), जैसा मामला हो, की सार्वजनिक घोषणा के बाद 48 घंटों से पहले समाप्त नहीं होती है।
The period which may begin from the end of the each financial quarter and ending not earlier than 48 hours after the public announcement of quarterly/half yearly/annual financial results (audited or unaudited) as the case may be.

b) अवधि जो ऐसे सभी मामले (वित्तीय परिणामों के अनुमोदन को छोड़कर) जिन्हें "अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना" माना जाता है, पर विचार करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक की घोषणा के समय से शुरु होती है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय की सार्वजनिक घोषणा के बाद 48 घंटों से पहले समाप्त नहीं होती है; अथवा
The period commencing from the time of announcement of the Board of Directors meeting for consideration of all maters (other than approval of financial results) which are deemed to be "unpublished price sensitive information" and ending not earlier than 48 hours after the public announcement of the decision taken by the Board of Directors of the Company; or

c) ऐसी अन्य अवधि जो प्रबंधन के प्राधिकार के तहत समय-समय पर "अनुपालन अधिकारी" द्वारा अधिसूचित की जाए।
Such other period as may be notified by the "Compliance Officer" from time to time under the authority of the Management.

3.8 किसी व्यक्ति के संबंध में **"आश्रित"** का आशय ऐसे व्यक्ति के माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी या पति, बच्चे (अवयस्क या वयस्क) से है जो ऐसे व्यक्ति पर आर्थिक रूप से निर्भर हैं या प्रतिभूतियों में व्यापार करने से संबंधित निर्णय लेते समय ऐसे व्यक्ति से परामर्श लेते हैं।
**"Dependent",** with respect to any person, means the parents, siblings, spouse, children, children of the spouse (whether minors or adults) of such person who are either financially dependent on such person or consult with such person while taking decisions relating to trading in securities.

3.9 "निदेशक" से आशय कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य से है।
**"Director"** means a member of the Board of Directors of the Company.

3.10 "पदनामित व्यक्ति" पदबंध "पदनामित व्यक्ति" में निम्नलिखित शामिल होंगे -
**"Designated Persons"** The term "Designated Persons" shall include

i. कंपनी के सभी निदेशक;
All Directors of the Company;

ii. कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (के.एम.पी.);
Key Managerial Personnel (KMPs) of the Company;

iii. कंपनी के सी.ई.ओ.;
CEO of the Company;

iv. वरिष्ठ प्रबंधन वर्ग के सभी कर्मचारी, यूनिट / एसबीयू प्रमुख, यूनिट / एसबीयू के वित्त प्रमुख, कंपनी के सभी अपर महाप्रबंधक;
All employees in the category of Senior Management, Unit/SBU Heads, Unit/SBU Finance Heads, Additional General Managers of the Company;

v. सचिवीय स्टाफ़ / स्टाफ़ अफ़सर / निदेशकों के साथ संबद्ध निजी सहायक;
Secretarial Staffs/staff Officers/personal assistant attached to the Directors;

vi. सचिवीय विभाग, कार्पोरेट वित्त विभाग (जिसमें निधि, समेकन, बजट, कराधान एवं वेतनपट्टी, देय बिल शामिल हैं), कार्पोरेट मानव संसाधन विभाग, आंतरिक लेखा विभाग, रणनीतिक योजना विभाग, प्रौद्योगिकी योजना विभाग, प्रबंध सेवा विभाग और कार्पोरेट संचार विभाग, आई.टी. विभाग के सभी कर्मचारी (कार्यपालक और गैर-कार्यपालक) जिन्हें कीमत संवेदन सूचना की पहुँच होती है;
All employees (Executive and Non-executive) in Secretariat Department, Corporate Finance Department (which includes Funds, Compilation, Budget, Taxation & Payrolls Bills Payable), Corporate Human Resources Department, Internal Audit Department, Strategic Planning Department, Technology Planning Department, Management Service Department and Corporate Communication Department, IT Department who are privy to price sensitive information;

vii. मंडल की बैठकों तथा समिति की बैठकों के स्थायी आमंत्रिती;
Permanent invitees to the Board meetings and Committee meetings;

viii. ऊपर क्र.सं. (i) से (viii) तक में उल्लिखित व्यक्तियों के नज़दीकी रिश्तेदार;
Immediate relatives of the persons mentioned in (i) to (Viii) above;

ix. मंडल के परामर्श से समय-समय पर अनुपालन अधिकारी द्वारा पदनामित कोई अन्य कर्मचारी।
Any other employee designated by the Compliance Officer, from time to time in consultation with the Board.

3.11 "कर्मचारी" से आशय कंपनी के निदेशकों सहित कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी (कार्यपालक और गैर-कार्यपालक)।
**"Employee"** means every employee of the Company (executive and Non-executive) including the Directors of the Company.

3.12 "सामान्य रूप से उपलब्ध सूचना" से आशय ऐसी सूचना से है जो गैर-पक्षपाती आधार पर सार्वजनिक को मिल सकती है।
**"Generally Available Information"** means information that is accessible to the public on a non-discriminatory basis.

3.13 **"नज़दीकी रिश्तेदार"** से आशय व्यक्ति की पत्नी / के पति तथा उनके भाई-बहन और ऐसे व्यक्ति या उनकी पत्नी या उनके पति के बच्चे जिनमें से कोई भी ऐसे व्यक्ति पर आर्थिक रूप स निर्भर है या से है या प्रतिभूतियों में व्यापार करने से संबंधित निर्णय लेते समय ऐसे व्यक्ति से परामर्श लेते हैं।
**"Immediate Relative"** means a spouse of a person, and includes parent, sibling, and child

of such person or of the spouse, any of whom is either dependent financially on such person, or consults such person in taking decisions relating to trading in securities.

3.14 "भेदिया" से आशय ऐसे व्यक्ति से है जो -
"**Insider**" means any person who is,

(i) संबंधित व्यक्ति (पदनामित व्यक्तियों सहित) है; या
a connected person (including Designated Persons); or

(ii) जिनके पास अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना होती है या उनकी पहुँच होती है।
in possession of or having access to unpublished price sensitive information.

3.15 **"मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक"** का आशय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(51) में परिभाषित व्यक्तियों से है।
**"Key Managerial Personnel"** means person as defined in Section 2(51) of the Companies Act, 2013.

3.16 **"जानने की आवश्यकता का आधार"** से आशय है कि ऐसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना कंपनी के भीतर केवल ऐसे व्यक्तियों को प्रकट की जानी चाहिए जिन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ऐसी सूचना की आवश्यकता है और जिनके द्वारा ऐसी सूचना धारित करने से हितों का संघर्ष नहीं होगा या सूचना का दुरुपयोग नहीं होगा।
**"Need to Know Basis"** means that unpublished price sensitive information should be disclosed only to those within the Company who need the information to discharge their duty and whose possession of such information will not give rise to any conflict of interest or appearance of misuse of information.

3.17 **"प्रवर्तक"** और **"प्रवर्तक ग्रूप"** का वही आशय होगा जो भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (पूँजी जारी करना और प्रकटण संबंधी अपेक्षाएँ) विनियम, 2018 या उसके किसी आशोधन के तहत परिभाषित है।
**"Promoter" and "Promoter Group"** shall have the meaning assigned to it under the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 or any modification thereof.

3.18 "व्यापार का पूर्व मंजूरी" से आशय कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार / लेनदेन करने के लिए अनुपालन अधिकारी के पूर्व अनुमोदन से है।
**"Pre Clearance of Trade"** means prior approval of Compliance Officer for trading/ dealing in the securities of the Company.

3.19 **"विनियम"** का आशय भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (भेदिया व्यापार की रोकथाम) विनियम, 2015 तथा उसमें किए जाने वाले संशोधनों से होगा।
"**Regulations**" shall mean the Securities & Exchange Board of India (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and any amendments thereto.

3.20 **"प्रतिभूति"** का वही आशय होगा जो प्रतिभूति संविदाएँ (विनियमन) अधिनियम, 1956 में या म्यूच्युअल फंड की यूनिटों को छोड़कर उसके किसी आशोधन में परिभाषित है।
**"Securities"** shall have the meaning assigned to it under the Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 or any modification thereof except units of a mutual fund.

3.21 **"वरिष्ठ प्रबंधन"** से आशय मंडल के स्तर से नीचे, कंपनी के अधिकारियों / कार्मिक (निदेशक मंडल को छोड़कर) से है जिनके पदनाम कार्यपालक निदेशक (ई.डी.) / महाप्रबंधक (जी.एम.), कंपनी सचिव (सी.एस.), मुख्य वित्तीय अधिकारी (सी.एफ.ओ.), मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सी.टी.ओ.)/ मुख्य वैज्ञानिक (सी.एस.) हैं।
**"Senior Management"** shall mean officers/personnel of the Company (excluding Board of Directors) below Board level and designated as Executive Directors (EDs)/General Managers (GMs)/ Company Secretary (CS), Chief Financial Officer (CFO), Chief Technology Officers

(CTOs)/Chief Scientists (CSs).

3.22 **"अधिग्रहण के विनियम"** से आशय भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (शेयरों का सारभूत अर्जन एवं अधिग्रहण) विनियम, 2011 और उनके संशोधन से है।
**"Takeover Regulations"** means the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and any amendments thereto;

3.23 **"व्यापार"** या **"प्रतिभूतियों में लेन-देन"** से आशय व इसकी समाविष्टि में किसी प्रतिभूति में अभिदान करना, खरीदना, बेचना, लेन-देन करना अथवा अभिदान करने, खरीदने, बेचने या लेन-देन करने पर सहमति देने से है और शब्द "व्यापार" का अर्थ तदनुसार होगा।
**"Trading"** or **"Dealing in Securities"** means and includes subscribing, buying, selling, dealing, or agreeing to subscribe, buy, sell, deal in any securities, and "trade" shall be construed accordingly.

3.24 **"व्यापार दिवस"** का आशय ऐसे दिन से है जिस दिन मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज व्यापार के लिए खुले होते हैं।
**"Trading Day"** means a day on which the recognized stock exchanges are open for trading;

3.25 **"ट्रेडिंग विन्डो"** से आशय कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार करने की अवधि से है। बंद अवधि के अलावा अन्य सभी दिन व्यापार अवधियाँ होंगे।
**"Trading Window"** means trading period for trading in the Company's Securities. All days shall be the trading periods except Closed Period.

3.26 **"अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना (यू.पी.एस.आई.)"** का आशय कंपनी या उसकी प्रतिभूतियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंधित ऐसी किसी सूचना से है जो सामान्य रूप से उपलब्ध नहीं है और जिसके सामान्य रूप से उपलब्ध होने पर प्रतिभूतियों की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है और इसमें साधारण रूप से निम्नलिखित से संबंधित सूचना शामिल होगी परन्तु यह इन्हीं तक सीमित नहीं होगी -
**"Unpublished Price Sensitive Information" (UPSI)** means any information, relating to a Company or its Securities, directly or indirectly, that is not generally available which upon becoming generally available, is likely to materially affect the price of the securities and shall, ordinarily including but not restricted to, information relating to the following:

(i) आवधिक वित्तीय परिणाम;
Periodical financial results;
(ii) लाभांश;
Dividends;
(iii) पूँजीगत संरचना में परिवर्तन (जिसमें पुनर्खरीद, बोनस इश्यू, राइट इश्यू, प्रतिभूतियों का विखंडन, बिक्री का प्रस्ताव शामिल हैं);
Change in capital structure (including Buy-back, Bonus issue, Right issue, Split of securities, Offer for sale);
(iv) कारोबार का विलयन, विलगाव, अर्जन, सूची से हटाना, निपटान और विस्तारण तथा ऐसे अन्य संव्यवहार;
Mergers, de-mergers, acquisitions, delistings, disposals and expansion of business and such other transactions;
(v) कोई प्रमुख / महत्वपूर्ण आदेश प्राप्त करना;
Acquiring any major/significant orders;
(vi) निदेशकों तथा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में परिवर्तन;
Changes in Directors and Key Managerial Personnel;
(vii) सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015, यथा संशोधित, के विनियम 30 में वर्णित अनुसार महत्वपूर्ण घटनाएँ;
Material events as described in Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, as amended.

(viii) कोई अन्य मामला जिसे अनुपालन अधिकारी द्वारा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के रूप में निर्णीत किया जाए।
Any other matter which may be decided as unpublished price sensitive information by the Compliance Officer.

नोट - यहाँ प्रयुक्त ऐसे शब्द और अभिव्यक्तियाँ जो इस संहिता में परिभाषित नहीं हैं परन्तु अधिनियम, विनियम, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956, निक्षेपागार अधिनियम, 1996 या कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों में परिभाषित हैं, का वही अर्थ होगा जो क्रमश: ऐसे विधान में उनके लिए परिभाषित हैं।
**Note:** Words and expressions used and not defined in this Code, but defined in the Act, Regulations, the Securities Contract (Regulation) Act, 1956, the Depositories Act, 1996 or the Companies Act, 2013 and rules and regulations made thereunder shall have the meanings respectively assigned to them in such legislations.

## भाग-क - भेदिया व्यापार के विनियमन, निगरानी और रिपोर्टिंग की आचार संहिता
## PART-A: Code of Conduct for Regulating, Monitoring, Reporting of Trading by Insiders

### 4.0 अनुपालन अधिकारी की भूमिका / Role of Compliance Officer:

4.1 इस संहिता के प्रयोजनार्थ कंपनी के कंपनी सचिव, अनुपालन अधिकारी होंगे ।
The Company Secretary of the Company shall be the Compliance Officer for the purpose of the Code.

4.2 अनुपालन अधिकारी नीतियों, प्रक्रियाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचनाओं के प्रतिरक्षण के लिए नियमों की निगरानी, व्यापार की मानीटरी, पदनामित व्यक्तियों के व्यापारों की पूर्व-मंजूरी, व्यापारिक योजनाओं की स्वीकृति, आंतरिक नियंत्रण की प्रभावी प्रणाली के साथ जानने की आवश्यकता के आधार पर जिन्हें यू.पी.एस.आई. साझा किया जाता है, ऐसे कार्मिकों की सूची बनाए रखने सहित और कंपनी के मंडल की देखरेख में संहिता का समग्र कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे।
The Compliance Officer shall be responsible for compliance of policies, procedures, maintenance of records, monitoring adherence to the rules for the preservation of unpublished price sensitive information, monitoring of trades, pre-clearance of trades of designated persons, approval of trading plans, placing effective system of internal control including maintaining of list of personnel with whom UPSI is shared on need to know basis and overall implementation of the Code under the supervision of the Board of the Company.

4.3 अनुपालन अधिकारी कंपनी के निदेशक मंडल को भेदिया व्यापार की रिपोर्ट करेंगे और विशेषकर लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष या निदेशक मंडल के अध्यक्ष को रिपोर्ट, यदि कोई हो, निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित अंतराल में प्रस्तुत करेंगे (लेकिन वर्ष में कम से कम एक बार) ।
The Compliance Officer shall report on insider trading to the Board and in particular, shall provide reports to the Chairman of the Audit Committee, if any, or to the Chairman of the Board at such frequency as may be stipulated by the Board of Directors (but not less than once in a year).

4.4 अनुपालन अधिकारी इस संहिता के तारतम्य में किए गए प्रकटण को न्यूनतम पांच वर्षों तक बनाए रखेंगे ।

The Compliance Officer shall maintain disclosure made in pursuant to this Code for a minimum period of five years.

4.5 अनुपालन अधिकारी विनियमों और इस संहिता से संबंधित किसी प्रकार का स्पष्टीकरण देने में पदनामित व्यक्तियों/ भेदिया की सहायता करेंगे।

The Compliance Officer shall assist designated persons/insider in addressing any clarifications regarding the Regulations and the Code.

4.6 अनुपालन अधिकारी विनियमों के अधीन यथा आवश्यक, स्टॉक एक्सचेंज के प्रकटण के लिए जिम्मेदार होंगे।
The Compliance Officer shall be responsible for stock exchange disclosures as required under the Regulations.

4.7 इस संहिता को लागू करने के लिए, अनुपालन अधिकारी संहिता के तहत भेदिया/ पदनामित व्यक्ति से ऐसी अपेक्षित सूचना मांग सकते है और इस संहिता में विनिर्दिष्ट ऐसी मंजूरी देने के लिए अधिकृत होंगे।
To enforce the Code, the Compliance Officer is authorized to seek such information from insiders/designated person as required by this Code and to give such approvals as specified under this Code.

4.8 यदि किसी कारण कंपनी सचिव अनुपस्थित रहते हैं तो मंडल या सीएमडी को रिपोर्ट करने वाले कोई भी वरिष्ठ अधिकारी, जिन्हें विनियमों के तहत, कानूनी और विनियामक अनुपालन के लिए अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करने का वित्तीय ज्ञान है, कुछ समय के लिए इस संहिता और विनियमों के अधीन अनुपालन अधिकारी की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरा करेंगे।
In the absence of the Company Secretary for any reason, any senior officer, reporting to the Board or the CMD, who is financially literate and is capable of appreciating requirements for legal and regulatory compliance under the Regulations, shall, for the time being, carry out the responsibilities of the Compliance Officer as required under this Code, and the Regulations.

## 5.0 अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना संबंधी संचार या अधिप्राप्ति पर प्रतिबंध
## Restrictions on Communication or Procurement of Unpublished Price Sensitive Information

5.1 सभी भेदिए / पदनामित व्यक्ति कीमत संवेदन सभी सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखेंगे। भेदिए / पदनामित व्यक्ति अन्य भेदिए सहित किसी अन्य व्यक्ति को कंपनी या उसकी सूचीबद्ध या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों से संबंधित किसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना को संचारित, प्रदान नहीं करेंगे या पहुँच अनुमत नहीं करेंगे सिवाय ऐसे मामलों के जहाँ ऐसा संरचण विधिसंगत उद्देश्य, कर्तव्यों के निर्वहन या कानूनी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक हो।
All insiders/designated Persons shall maintain the confidentiality of all price sensitive information. The insiders/designated shall not communicate, provide, or allow access to any unpublished price sensitive information relating to the Company or its securities listed or proposed to be listed, to any person including other Insiders except where such communication is in furtherance of legitimate purposes, performance of duties or discharge of legal obligations.

5.2 कोई भी व्यक्ति कंपनी या उसकी सूचीबद्ध या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों से संबंधित किसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना किसी भेदिए से प्राप्त नहीं करेंगे या उसका संचरण नहीं करेंगे सिवाय ऐसे मामलों के जहाँ ऐसा संरचण विधिसंगत उद्देश्य, कर्तव्यों के निर्वहन या कानूनी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक हो।
No person shall procure from or cause the communication by any insider persons of unpublished price sensitive information relating to the Company or securities listed or proposed to be listed, except in furtherance of legitimate purposes, performance of duties or discharge of legal obligations.

5.3 पदनामित व्यक्ति यह सुनिश्चित करेंगे कि अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के संबंध में हमेशा परम गोपनीयता बनाए रखी जाती है। इसके अलावा, पदनामित व्यक्तियों को यह परामर्श भी दिया जाता है कि वे ई-मेल, टेलीफ़ोन,

फैक्स आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा यथा अनुमत ऐसी सूचना का संचरण करते / पहुँच की अनुमति देते समय सख्त गोपनीयता बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे और इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी सूचना किसी भी समय किसी भेदिए या अन्य संबंधित / संबद्ध व्यक्तियों को व्हाट्सऐप ग्रुप, सोशियल मीडिया ग्रुप आदि के माध्यम से पारेषित या अपलोड नहीं की जाती है। पदनामित व्यक्ति / उनके साथ संबद्ध कार्मिक जिन्हें ऐसी कीमत संवेदन सूचना की पहुँच होती है, को इसके अतिरिक्त यह सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के संबंध में किसी भी तरह से किसी सार्वजनिक मंच या किसी अन्य सोशियल मीडिया वेबसाइटों में भाग लेने से स्वयं को दूर रखेंगे।

The designated persons should ensure that absolute confidentiality is maintained in relation to unpublished price sensitive information at all times. The Designated persons are also further advised to ensure strict confidentiality while communicating/allowing access to such information as permitted, through electronic media such as e-mail, telephone, fax, etc. and further to ensure that such information is not transmitted or uploaded through whatsapp groups, social media groups etc. to any of the insiders or other related/connected persons at any time. Designated persons/personnel associated with them and having access to any such price sensitive information are further advised to desist from participating in any public forums or other social media websites in any form in relation to any unpublished price sensitive information.

5.4 इस संबंध में निम्नलिखित पद्धतियों का अनुसरण किया जाएगा -
<u>Following practices should be followed in this regard:</u>

5.4.1 <u>जानने की आवश्यकता</u> - अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना जानने की आवश्यकता आधार पर प्राप्त किया जाएगा यानी किसी भी व्यक्ति को अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना किसी भी व्यक्ति को नहीं प्रदान की जाएगी सिवाय न्यायसंगत उद्देश्य, कर्तव्यों के निर्वहन या विधिक दायित्वों को पूरा करने तथा जिनके अधिकार में ऐसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना होने से हितों का संघर्ष नहीं होगा या सूचना का दुरुपयोग नहीं होगा।

<u>Need to Know:</u> Unpublished Price Sensitive Information is to be handled on a "need to know" basis i.e. no unpublished price sensitive information shall be communicated to any person except in furtherance of legitimate purposes, performance of duties or discharge of legal obligations and whose possession of such Unpublished Price Sensitive Information will not give rise to a conflict of interest or appearance of misuse thereof.

भेदिया जिसे न्यायसंगत उद्देश्य, कर्तव्यों के निर्वहन या विधिक दायित्वों को पूरा करने के लिए 'जानने की आवश्यकता' आधार पर यू.पी.एस.आई. प्राप्त होती है, उक्त यू.पी.एस.आई. की गोपनीयता बनाए रखेंगे और उन्हें पदनामित व्यक्ति माना जाएगा और वे इस संहिता और विनियमों से बाध्यकारी होंगे।

Any insider who got the possession of UPSI on 'need to know' basis for legitimate purposes, performance of duties or discharge of legal obligations shall maintain confidentially of the said UPSI and will be deemed to be considered as designated person and shall abide with the Code & the Regulations.

5.4.2 <u>गोपनीय सूचना की सीमित पहुँच</u> – गोपनीय सूचना या अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना वाली फाइलों को सुरक्षित रखा जाएगा। कंप्यूटर में रखी ऐसी फाइलों को लॉगिन और पासवर्ड आदि से समुचित ढंग से सुरक्षित रखा जाएगा।

<u>Limited access to confidential Information:</u> Files containing confidential information or Unpublished Price Sensitive Information shall be kept secure. Computer files must have adequate security of login and password etc.

5.4.3 चाइनीज़ वॉल - यू.पी.एस.आई. का दुरुपयोग रोकने के लिए, कंपनी ने "चाइनीज़ वॉल" अपनाया है जो यू.पी.एस.आई. की नेमी पहुँच रखने वाले विभाग जिन्हें "भीतरी क्षेत्र" माना जाता है, को ऐसे विभागों से अलग रखता है जिन्हें कंपनी में ऐसी पहुँच ("सार्वजनिक क्षेत्र") नहीं होती। इसके अलावा, उक्त चाइनीज़ वॉल के अनुसार-

Chinese Walls: To prevent the misuse of UPSI, the Company has adopted a "Chinese Wall" which separates those departments which routinely have access to UPSI, considered "inside areas" from those who do not have such access ("Public Areas") within the Company. Further as per said Chinese wall:

i. भीतरी क्षेत्र के कर्मचारियों को सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों से भौतिक रूप से अलग रखा जाए।
The Employees in inside area may be physically separated from the Employees in public area.

ii. जहाँ चाइनीज़ वॉल की व्यवस्था है, भीतरी क्षेत्र में कार्यरत भेदिये को अनुपालन अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना सार्वजनिक क्षेत्र के भेदियों को किसी प्रकार की गोपनीय या अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना देना प्रतिबंधित है।
Where Chinese Walls arrangements are in place Insiders working within an Inside Area are prohibited from communicating any Confidential or Unpublished Price Sensitive Information to Insiders in Public Areas without the prior approval of the Compliance Officer.

iii. विभिन्न विभागों का भीतरी क्षेत्र के रूप में सीमांकन करने का कार्य मंडल के परामर्श से अनुपालन अधिकारी द्वारा किया जाएगा।
The demarcation of various departments as inside area shall be determined by the Compliance Officers in consultation with the Board.

iv. केवल असामान्य परिस्थितियों में, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को इस वॉल के अधीन लाया जाएगा और अनुपालन अधिकारी को सूचित करते हुए "जानने की आवश्यकता" आधार पर यू.पी.एस.आई. दी जाएगी।
Only in exceptional circumstances, Employees from the public areas are brought over the wall and given UPSI on the basis of "need to know" criteria, under intimation to the Compliance Officer.

v. यह सुनिश्चित करना चाइनीज़ वॉल के भीतर के भेदियों की जिम्मेदारी होगी कि चाइनीज़ वॉल का जानबूझकर या अनजाने में उल्लंघन नहीं किया जाता है। चाइनीज़ वॉल का ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन की सूचना अनुपालन अधिकारी को तुरंत दी जाएगी।
Insiders within a Chinese Wall have a responsibility to ensure the Chinese Wall is not breached deliberately or inadvertently. Known or suspected breaches of the Chinese Wall must be referred to the Compliance Officer immediately.

5.5 इस संहिता में किसी बात के होते हुए भी, किसी भी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना को ऐसे संव्यवहार के सिलसिले में संप्रेषित, प्रदान किया जा सकता है, उसकी पहुँच या प्राप्त करने की अनुमति दी जा सकती है जिसमें-
Notwithstanding anything contained in this Code, any Unpublished Price Sensitive Information may be communicated, provided, allowed access to or procured, in connection with a transaction which would:

5.5.1 अधिग्रहण के विनियमों के तहत खुला प्रस्ताव करने की बाध्यता आवश्यक बनती है जहाँ कंपनी के निदेशक मंडल की यह सुविज्ञ राय है कि ऐसी सूचना को साझा करना कंपनी के सर्वोत्तम हित में है;
Entail an obligation to make an open offer under the takeover regulations where the Board of Directors of the company is of informed opinion that sharing of such information is in the best interests of the company;

5.5.2 अधिग्रहण के विनियमों के तहत खुला प्रस्ताव करने की बाध्यता आवश्यक नहीं बनती है लेकिन जहाँ कंपनी के निदेशक मंडल की यह सुविज्ञ राय है कि ऐसी सूचना को साझा करना कंपनी के सर्वोत्तम हित में है और सूचना जो अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना बनती है, का प्रसार प्रस्तावित लेनदेन से कम से कम दो व्यापार दिन पहले

सामान्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार किया जाता है जैसा निदेशक मंडल सभी संबंधित और महत्वपूर्ण तथ्यों को शामिल करने के लिए उचित और न्यायसंगत समझे।
Not attract the obligation to make an open offer under the takeover regulations but where the Board of Directors of the company is of informed opinion that sharing of such information is in the best interests of the company and the information that constitute unpublished price sensitive information is disseminated to be made generally available at least two trading days prior to the proposed transaction being effected in such form as the board of directors may determine to be adequate and fair to cover all relevant and material facts.

5.5.3 बहरहाल, निदेशक मंडल पक्षकारों से गोपनीयता और गैर-प्रकटण के लिए इस आशय का करार निष्पादित करवाएँगे और ऐसे पक्षकार खंड 5.5 में उल्लिखित सीमित प्रयोजन को छोड़कर, इस प्रकार प्राप्त सूचना को गोपनीय रखेंगे और अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना धारित करते समय कंपनी की प्रतिभूतियों में अन्यथा कोई लेन-देन नहीं करेंगे।
However, the Board of Directors shall require the parties to execute agreements to contract confidentiality and non-disclosure obligations on the part of such parties and such parties shall keep information so received confidential, except for the limited purpose as mentioned in clause 5.5 and shall not otherwise trade in securities of the Company when in possession of unpublished price sensitive information.

5.6 कोई भेदिया जो कारोबार के सामान्य क्रम में किसी यू.पी.एस.आई. को साझेदारों, सहयोगकर्ताओं, ऋणदाताओं, ग्राहकों, पूर्तिकर्ताओं, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों, लेखा परीक्षकों, दिवालिया पेशेवरों या अन्य सलाहकारों या परामर्शदाताओं के साथ साझा करते हैं, ऐसे व्यक्तियों या स्वत्वों, जैसा मामला हो, के नाम के साथ-साथ उनका स्थायी खाता संख्या या स्थायी खाता संख्या उपलब्ध न होने पर कानून द्वारा अधिकृत कोई अन्य पहचान का साक्ष्य अनुपालन अधिकारी को यहां संलग्न **फार्म-I** में ऐसी सूचना साझा करने की पूर्व सूचना देंगे।
Any Insider who is sharing any UPSI in the ordinary course of business with partners, collaborators, lenders, customers, suppliers, merchant bankers, legal advisors, auditors, insolvency professionals or other advisors or consultants shall give prior intimation of such sharing in the **Form-I** Annexed herewith to the Compliance Officer along with names of such persons or entities as the case may be with whom information is shared, their Permanent Account Number or any other identifier authorized by law where Permanent Account Number is not available.

5.7 अनुपालन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि एक संरचित डिजिटल डेटाबेस रखा जाता है जिसमें अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी की प्रकृति और ऐसे व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके साथ इस विनियम के तहत जानकारी साझा की गई है, स्थायी खाता संख्या या जहाँ स्थायी खाता संख्या उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ कानून द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य पहचान शामिल होंगे । ऐसे डेटाबेस का बाह्यस्रोतण नहीं किया जाएगा और टाइम स्टैम्पिंग और लेखा परीक्षा सत्यापन जैसे समुचित आंतरिक नियंत्रण एवं जाँच के साथ रखा जाएगा ताकि ऐसे डेटाबेस के साथ कोई हेरफेर न किया जा सके।
The Compliance Officer shall ensure that a structured digital database is maintained containing the nature of unpublished price sensitive information and the names of such persons who have shared the information and also the names of such persons with whom information is shared under this regulation along with the Permanent Account Number or any other identifier authorized by law where Permanent Account Number is not available. Such database shall not be outsourced and shall be maintained internally with adequate internal controls and checks such as time stamping and audit trails to ensure non-tampering of the database.

5.8 अनुपालन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संरचित डिजिटल डेटाबेस को संबंधित लेनदेन के पूरा होने के बाद कम से कम आठ वर्षों की अवधि तक संरक्षित रखा जाएगा और किसी भी जांच या प्रवर्तन कार्यवाही के संबंध में बोर्ड से कोई जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में, संरचित डिजिटल डेटाबेस में संबंधित जानकारी ऐसी कार्यवाही के पूरा होने तक संरक्षित की जाएगी। "

The Compliance Officer shall ensure that the structured digital database is preserved for a period of not less than eight years after completion of the relevant transactions and in the event of receipt of any information from the Board regarding any investigation or enforcement proceedings, the relevant information in the structured digital database shall be preserved till the completion of such proceedings."

**6.0** न्यायसंगत उद्देश्य के निर्धारण की नीति
**Policy for Determination of Legitimate Purposes**

6.1 पदबंध न्यायसंगत उद्देश्य में भेदिया / पदनामित व्यक्ति द्वारा कारोबार के सामान्य क्रम में किसी यू.पी.एस.आई. को साझेदारों, सहयोगकर्ताओं, ऋणदाताओं, ग्राहकों, पूर्तिकर्ताओं, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों, लेखा परीक्षकों, दिवालिया पेशेवरों या अन्य सलाहकारों या परामर्शदाताओं के साथ साझा करना शामिल होगा बशर्ते कि ऐसी सूचना का साझा किया जाना इन विनियमों के प्रतिबंधों से बचने या रोकने के लिए नहीं किया जाता हो।

The term legitimate purposes shall include sharing of UPSI in the ordinary course of business by an insider/designated persons with partners, collaborators, lenders, customers, suppliers, merchant bankers, legal advisor, auditors, insolvency professionals, agencies or other advisors and consultants provided that such sharing has not been carried out to evade or circumvent the prohibitions of these regulations.

6.2 मंडल न्यायसंगत उद्देश्य हेतु किसी यू.पी.एस.आई. के संप्रेषण के लिए अनुपालन अधिकारी को दिशा-निर्देश देगा। मंडल के पास इस तरह की जानकारी साझा करने की पर्याप्त प्रक्रिया और विधि होगी। ऐसा व्यक्ति 'न्याय संगत उद्देश्य' की यू.पी.एस.आई. की प्राप्ति के लिए इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए "भेदिया" माना जाएगा और ऐसे व्यक्ति को इन विनियमों के अनुपालन में यू.पी.एस.आई. की गोपनीयता बनाए रखने की नोटिस दी जाएगी।

The Board shall guide the compliance officer to communicate any UPSI for legitimate purpose. The Board shall have adequate process and mode of sharing such information. Such person in receipt of UPSI pursuant to a 'legitimate purpose' shall be considered as an "insider" for purposes of these regulations and due notice shall be given to such persons to maintain confidentiality of such UPSI in compliance with these regulations.

6.3 निदेशक मंडल द्वारा जब कभी प्रावधानों के अनुपालन में संशोधन करना उचित समझा जाता है, यू.पी.एस.आई. का साझा किया जाना एक न्याय संगत उद्देश्य माना जाएगा।

Sharing of UPSI shall be considered for a legitimate purpose whenever the Board of Directors considers deems fit in compliance with the provisions.

6.4 जब कभी सेबी (पीआईटी) विनियम, 2015 के प्रावधानों में समय-समय पर संशोधन किया जाता है तथा मंडल द्वारा जब कभी इसमें संशोधन करना उचित समझा जाता है, न्यायसंगत उद्देश्यों के निर्धारण की इस नीति में संशोधन किया जाएगा।

The policy for Determination of Legitimate Purposes will stand amended whenever there is an amendment in provisions of SEBI (PIT) Regulations, 2015 from time to time and as and when Board deems fit to amend the same.

**7.0** अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना धारित करने पर व्यापार पर प्रतिबंध
**Restriction on Trading When in Possession of Unpublished Price Sensitive Information**

7.1 कोई भेदिया/ पदनामित व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से –
No Insiders/Designated Persons shall directly or indirectly -

(i) किसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना धारित करने पर, अपनी ओर से, या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से व्यापार नहीं करेंगे;
either on his own behalf, or on behalf of any other person, Trade when in possession of any Unpublished Price Sensitive Information;

(ii) अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना धारित करने पर, नियंत्रण या जानकारी में होने पर किसी व्यक्ति को प्रतिभूतियों में व्यापार करने की सलाह नहीं देंगे। किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्पष्ट किया जाता है कि पदबंध "सलाह" में सिफारिशें, संप्रेषण या परामर्श देना शामिल होंगे।
advise any person to Trade in the Securities while being in possession, control or knowledge of Unpublished Price Sensitive Information. For avoidance of any doubt it is clarified that "advice" shall mean to include recommendations, communications or counseling.

<u>परन्तुक उपर्युक्त 7.1 में दिए गए प्रतिबंध इन पर लागू नहीं होंगे -</u>
<u>Provided the restriction in 7.1 above shall not apply to:</u>

a) ऐसा लेनदेन जो भेदियों के बीच बाज़ार इतर परस्पर अंतरण है और जिनके अधिकार में विनियमों / संहिता का उल्लंघन किए बिना वही यू.पी.एस.आई. है और दोनों पक्षकारों ने इस शर्त पर सजग और सुविज्ञ व्यापार निर्णय लिया है कि ऐसे बाजार इतर व्यापार की सूचना भेदियों द्वारा अनुपालन अधिकारी को संलग्न **फार्म-सी** में दो कार्यदिवसों के भीतर दी जाएगी जिसे तदुपरांत अनुपालन अधिकारी द्वारा ऐसी सूचना के प्रकटण या जानकारी में आने के दो व्यापार दिवसों के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को अधिसूचित किया जाएगा;
a transaction that is an off-market inter-se transfer between Insiders who were in possession of the same UPSI without being in breach of the Regulations/Code both parties had made a conscious and informed Trade decision subject to the condition that such off-market Trades shall be reported by the Insiders to the Compliance Officer within two working days in the **Form-C** annexed herewith, which shall inturn be notified by the Compliance Officer to the stock exchanges within two trading days from receipt of the disclosure or from becoming aware of such information;

b) लेनदेन यू.पी.एस.आई. धारित करने वाले व्यक्तियों के बीच ब्लॉक डील विंडो प्रणाली के माध्यम से विनियम/ संहिता के उल्लंघन किए बिना किया गया और दोनों पक्षकारों द्वारा सजग और सुविज्ञ व्यापार निर्णय लिया गया था;
the transaction was carried out through the block deal window mechanism between persons who were in possession of the UPSI without being in breach of the Regulations/Code and both parties had made a conscious and informed Trade decision;

c) समीक्षाधीन लेन-देन वास्तविक लेन-देन करने के लिए सांविधिक या विनियामक दायित्व पूरा करने के तारतम्य में किया गया;
the transaction in question was carried out pursuant to a statutory or regulatory obligation to carry out a bona fide transaction;

d) स्टॉक विकल्प जिसके संबंध में लागू विनियमों के अनुपालनार्थ कीमत पूर्व निर्धारित थी, लेने के बाद विचाराधीन लेनदेन- किया गया; और
the transaction in question was undertaken pursuant to the exercise of stock options in respect of which the exercise price was pre-determined in compliance with applicable regulations; and

e) संहिता के अनुसार स्थापित व्यापार योजना के अनुकूल व्यापार किया जाना ।
Trades pursuant to a Trading Plan set up in accordance with the Code.

## 8.0 दोहरे लेन-देन और अधिविक्रय पर प्रतिबंध
## Restrictions on Contra Transactions and Short Selling

### 8.1 दोहरा व्यापार / Contra Trade:

(i) सभी पदनामित व्यक्ति जो किसी भी सं. में कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीद या बिक्री करते हैं, को विपरीत लेन-देन यानी पूर्व लेनदेन ("दोहरा व्यापार") के बाद अगले 6 (छः) महीनों के दौरान किसी भी संख्या में प्रतिभूति की बिक्री या खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही सभी पदनामित व्यक्ति किसी भी समय कंपनी की प्रतिभूतियों में व्युत्पन्नी लेनदेन में शामिल नहीं होंगे।
All Designated Persons who buy or sell any number of Securities of the Company shall not enter into an opposite transaction i.e. sell or buy any number of Securities during the next 6 (six) months following the prior transaction ("Contra Trade"). All Designated Persons shall also not take positions in derivative transactions in the Securities of the Company at any time.

(ii) यदि कोई पदनामित व्यक्ति दोहरे व्यापार का आशय रखता है तो ऐसे दोहरा व्यापार केवल अनुपालन अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा । अनुपालन अधिकारी कारणों को लिखित रूप में दर्ज करते हुए ऐसे प्रतिबंध (दोहरा व्यापार) के सख्त आवेदन से छूट दे सकते हैं बशर्ते कि ऐसी छूट से इन विनियमों का उल्लंघन न होता हो।
If a Designated Person intends to enter into a Contra Trade, such Contra Trade may be made only with prior approval of the Compliance Officer. The Compliance Officer may be empowered to grant relaxation from strict application of such restriction (contra trade) for reasons to be recorded in writing provided that such relaxation does not violate these Regulations.

(iii) यदि अनुपालन अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा ऐसे प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए, अनजाने में या अन्यथा, किसी प्रकार का दोहरा व्यापार किया जाता है तो इस प्रकार के व्यापार से होने वाले लाभ को अधिनियम के तहत सेबी द्वारा संचालित निवेशक सुरक्षा और शिक्षा कोष में जमा करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को विप्रेषित करने किया जाएगा।
In case of any contra trade be executed, inadvertently or otherwise, without prior approval of the Compliance Officer and in violation of such a restriction the profits from such trade shall be liable to be disgorged for remittance to the Securities and Exchange Board of India (SEBI) for credit to the Investor Protection and Education Fund administered by SEBI under the Act.

**ध्यान दें-** परंतुक यह अनुपालन अधिकारी द्वारा अनुमोदित व्यापार योजना के अनुसार लिए गए स्टॉक विकल्प और किए गए व्यापार पर लागू नहीं होगा।
**Note:** Provided that this shall not be applicable for exercise of stock options and trades carried out in accordance with an approved trading plan duly approved by the Compliance Officer.

**8.2** **अधिविक्रय-** कोई भी पदनामित व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रतिभूति को नहीं बेचेंगे यदि ऐसे पदनामित व्यक्ति-
**Short Selling:** No Designated Person shall directly or indirectly sell any Security if such Designated Person:

(i) बेची गई प्रतिभूति के मालिक नहीं हैं; या
does not own the Security sold; or

(ii) प्रतिभूति के मालिक हैं, लेकिन स्वीकार्य निपटान चक्र ("अधिविक्रय") के भीतर ऐसी बिक्री के प्रति ऐसी प्रतिभूति नहीं देते हैं।
owns the Security but does not deliver such Security against such sale within the acceptable settlement cycle ("short sale").

## 9.0 व्यापार की योजना / Trading Plan

9.1 भेदिया खंड 9.2 के अनुसार कंपनी की प्रतिभूतियों में लेने-देने करने की योजना तैयार करने के हकदार होंगे और इसे संलग्न वचनबद्धता तथा सार्वजनिक प्रकटण के साथ प्रपत्र-**II** में अनुमोदन के लिए अनुपालन अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे जिसके तारतम्य में ऐसी योजना के योजना के अनुसार उसकी ओर से व्यापार किया जा सकता है।
An insider shall be entitled to formulate a trading plan for dealing in securities of the Company in accordance with clause 9.2 and present it to the Compliance Officer for approval in the **Form-II** along with undertaking annexed herewith and public disclosure pursuant to which trades may be carried out on his behalf in accordance with such plan.

9.2 व्यापार की योजना / Trading Plan shall:-

a. योजना के सार्वजनिक प्रकटण से छ: महीने पहले भेदिए की ओर से व्यापार की शुरूआत आवश्यक नहीं मानी जाएगी;
not entail commencement of trading on behalf of the insider earlier than six (6) months from the public disclosure of the plan;

b. बंद अवधि के दौरान व्यापार आवश्यक नहीं माना जाएगा;
not entail trading for the Closed Period;

c. कम से कम बारह (12) महीनों के लिए व्यापार आवश्यक नहीं बनाया जाएगा;
entail trading for a period of not less than twelve (12) months;

d. ऐसी किसी अवधि की अतिव्याप्ति आवश्यक नहीं बनाई जाएगी जिसके लिए दूसरी व्यापार योजना पहले से मौजूद हो;
not entail overlap of any period for which another trading plan is already in existence;

e. किए जाने वाले व्यापार का मूल्य अथवा व्यापार की प्रकृति तथा ऐसे अंतराल या तारीखें जिस पर ऐसा व्यापार किया जाएगा, के साथ-साथ, व्यापार की जाने वाली प्रतिभूतियों की संख्या निर्धारित की जाएगी; और
set out either the value of trades to be effected or the number of securities to be traded along with the nature of the trade and the intervals at, or dates on which such trades shall be effected; and

f. बाज़ार खराब करने के लिए प्रतिभूतियों में व्यापार करना आवश्यक नहीं बनाया जाएगा।
not entail trading in securities for market abuse.

9.3 अनुपालन अधिकारी इस बात का मूल्यांकन करने के लिए व्यापार योजना की समीक्षा करेंगे कि ऐसी योजना में विनियमों का उल्लंघन होने की संभावना है और क्या ऐसा मूल्यांकन सुकर बनाने के लिए ऐसी स्पष्ट वचनबद्धता, लेने और जो इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार योजना के कार्यान्वयन को अनुमोदित करने और उसकी निगरानी करने के लिए आवश्यक हो।
The Compliance Officer shall review the Trading Plan to assess whether such plan would have any potential for violation of the Regulations and shall be entitled to seek such express undertaking as may be necessary to enable such assessment and to approve and monitor the implementation of the plan as per provisions of the Regulations.

9.4 व्यापार योजना एक बार स्वीकृत हो जाने के बाद अविकल्पी होगी और भेदिया इसमें कोई विचलन किए बिना या इस व्यापार योजना की परिधि से बाहर प्रतिभूतियों में कोई व्यापार किए बिना, इस योजना का कार्यान्वयन अनिवार्य रूप से करेंगे।

The Trading Plan once approved shall be irrevocable and the Insider shall mandatorily have to implement the plan, without being entitled to either deviate from it or to execute any trade in the securities outside the scope of the trading plan.

9.5 बहरहाल, यदि योजना तैयार करते समय, भेदिए के पास कोई अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना नहीं होती है और उक्त सूचना कार्यान्वयन शुरु करने के समय सामान्य रूप से उपलब्ध नहीं होती है तो व्यापार योजना का कार्यान्वयन शुरु नहीं किया जाएगा। योजना का प्रारंभ तब तक आस्थगित रखा जाएगा जब तक ऐसी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना सामान्य रूप से उपलब्ध सूचना नहीं बन जाती । इसके अलावा, भेदिए को कंपनी की प्रतिभूतियों में लेनदेन करने की भी अनुमति नहीं होगी, यदि अनुमोदित व्यापार योजना के अनुसार, कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार की तारीख, अनुपालन अधिकारी द्वारा घोषित ट्रेडिंग विंडो के बंद होने की तारीख से मेल खाती हो।

However, the implementation of the trading plan shall not be commenced, if at the time of formulation of the plan, the Insider is in possession of any unpublished price sensitive information and the said information has not become generally available at the time of the commencement of implementation. The commencement of the Plan shall be deferred until such unpublished price sensitive information becomes generally available information. Further, the Insider shall also not be allowed to deal in securities of the Company, if the date of trading in securities of the Company, as per the approved Trading Plan, coincides with the date of closure of Trading Window announced by the Compliance Officer.

9.6 व्यापार योजना के अनुमोदन के बाद, अनुपालन अधिकारी स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ प्रतिभूतियां सूचीबद्ध हैं, को योजना अधिसूचित करेंगे ।

Upon approval of the trading plan, the compliance officer shall notify the plan to the stock exchanges on which the securities are listed.

9.7 आवेदक को यह सुनिश्चित करना है कि लेनदेन के निष्पादन के बाद T+3 व्यापार दिनों के भीतर लेनदेन की गई प्रतिभूतियों को जमा/ नामें किया जाता है । जहाँ तक हो सके, इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि लेनदेन की गई प्रतिभूतियों का नामें/जमा ट्रेडिंग विंडो बंद होने के दौरान नहीं किया जाता है।

The applicant has to ensure that transacted securities should be credited/debited within T+3 trading days after execution of transaction. To the extent possible care should be taken that debit/credit of the transacted securities will not happen during closure of Trading Window.

9.8 बशर्ते कि व्यापार की पूर्व-स्वीकृति अनुमोदित व्यापार योजना के अनुसार किए गए व्यापार के लिए आवश्यक नहीं होगी।

Provided that preclearance of trades shall not be required for a trade executed as per an approved trading plan.

## 10.0 ट्रेडिंग विन्डो / Trading window

10.1 पदनामित व्यक्तियों और उनके नज़दीकी रिश्तेदारों को कंपनी की प्रतिभूतियों में उनके सभी लेनदेन एक वैध ट्रेडिंग विंडो में करेंगे और यहाँ पैरा 10.2 में संदर्भितानुसार जब ट्रेडिंग विंडो बंद हो जाता है या समय-समय पर अनुपालन अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य अवधि के दौरान कंपनी के प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री सहित कोई लेन-देन नहीं करेंगे ।

The Designated Persons and their immediate relatives shall conduct all their dealings in the securities of the Company only in a valid Trading Window and shall not deal in any transaction involving the purchase or sale of the Company's securities when the trading

window is closed as referred in para 10.2 herein below or during any other period as may be specified by the Compliance Officer from time to time:

10.2 इसके साथ-साथ, ट्रेडिंग विन्डो "बंद अवधि" की परिभाषा में दर्शितानुसार अवधि के लिए, इन अवसरों पर बंद रखा जाएगा-

The trading window shall be, inter alia, closed for the period as indicated in the definition of "closed period" at the time of:

a. वित्तीय परिणामों (तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक) की घोषणा;
   Declaration of Financial results (quarterly, half-yearly and annually);
b. लाभांशों (अंतरिम और अंतिम) की घोषणा / सिफारिश;
   Declaration/recommendation of dividends (interim and final);
c. पूँजीगत बनावट (पुनर्खरीद, बॉनस इश्यू, राइट इश्यू, प्रतिभूतियों का विखंडन, बिक्री का प्रस्ताव सहित) में कोई परिवर्तन;
   Any change in capital structure (including Buy-back, Bonus issue, Right issue, Split of securities, Offer for sale);
d. कोई प्रमुख विस्तारण योजना या नई परियोजनाओं का निष्पादन;
   Any major expansion plans or execution of new projects.
e. समामेलन, विलयन, विलगाव, सूची से हटाना और अधिग्रहण;
   Amalgamation, mergers, de-merger, delisting and takeover.
f. उपक्रम का पूर्ण या लगभग पूर्ण निपटान;
   Disposal of whole or substantially whole of the undertaking.
g. कंपनी की नीतियों, योजनाओं या प्रचालनों में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन;
   Any significant changes in policies, plans or operations of the Company.
h. निदेशकों तथा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में कोई परिवर्तन;
   Any change in Director and Key Managerial Personnel.
i. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015, यथा संशोधित, के विनियम 30 में वर्णित महत्वपूर्ण घटना;
   Material events as described in Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, as amended.
j. कोई किसी मामला, जिसे अनुपालन अधिकारी द्वारा अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना के रूप में निर्णीत किया जाए।
   Any other matter which may be decided as unpublished price sensitive information by the Compliance Officer.

10.3 जब तक बोर्ड द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक खंड 10.2 में बताई गई किसी भी मद पर विचार करने के लिए कंपनी की मंडल की बैठक की सूचना भेजने की तारीख से व्यापार विंडो को बंद रखा जाएगा।

The Trading window shall be closed from the date of sending notice of Board Meeting of the Company to consider any of the items stated in clause 10.2, unless decided otherwise by the Board.

10.4 उपर्युक्त के अलावा, अनुपालन अधिकारी किसी भी कारण से "यथा-आवश्यक" आधार पर व्यापार विंडो को बंद घोषित कर सकते हैं।

In addition to the above, the Compliance Officer may declare the Trading Window closed, on "as-needed" basis for any reason.

10.5 अनुपालन अधिकारी सामान्य रूप से उपलब्ध और बाज़ार द्वारा समामेलित करने में सक्षम अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना सहित विभिन्न घटकों को ध्यान में रखते हुए, ट्रेडिंग विंडो को फिर से खोलने का समय तय करेंगे, हालांकि किसी भी घटना में सामान्य रूप से सूचना उपलब्ध होने के अड़तालीस घंटे से पहले नहीं होगा।

The Compliance Officer after taking into account various factors including the unpublished price sensitive information in question becoming generally available and being capable of

assimilation by the market, shall decide the timing for re-opening of the trading window, however in any event it shall not be earlier than forty-eight hours after the information becomes generally available.

10.6 ईएसओपी के मामले में, ट्रेडिंग विंडो बंद होने की अवधि में विकल्प का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है। बहरहाल, ट्रेडिंग विन्डो के बंद होने पर ईएसओपी के विकल्प पर आबंटित शेयरों की बिक्री की अनुमति नहीं होगी । In case of ESOPs, exercise of option may be allowed in the period when the trading window is closed. However, sale of shares allotted on exercise of ESOPs shall not be allowed when trading window is closed.

10.7 ट्रेडिंग विंडो के खुले होने के बावजूद, पदनामित व्यक्ति, उनके नज़दीकी रिश्तेदार और उनके आश्रितों को नीचे दिए गए खंड 11.0 में निर्दिष्ट शर्तों के अधीन व्यापार करने की अनुमति होगी बशर्ते कि लेन-देन करने के समय उनके पास कोई भी अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना न हो।
Despite the Trading Window being open, Designated Persons, their immediate relatives and their Dependants would only be allowed to Trade subject to the conditions specified in Clause 11.0 herein below and provided that they are not in possession of any Unpublished Price Sensitive Information at the time they carry out the transaction.

**11.0 व्यापार की पूर्व-स्वीकृति / Pre-Clearance of Trades**

11.1 पदनामित व्यक्ति (उनके आश्रितों सहित) और उनके नज़दीकी रिश्तेदार, जो ट्रेडिंग विन्डो के खुले होने पर कंपनी की प्रतिभूतियों में लेनदेन करना चाहते हैं और यदि ऐसे प्रस्तावित व्यापार का मूल्य रु. 10 लाख या 2,500 इक्विटी शेयर, इनमें से जो भी कैलेंडर वर्ष की तिमाही में कम हो (कोई एक लेन-देन या एक से अधिक लेन-देन), होता है, को अनुपालन अधिकारी द्वारा लेनदेन की पूर्व-निकासी करानी चाहिए । बहरहाल, ट्रेडिंग विन्डो के बंद न होने पर भी यदि ऐसे पदनामित व्यक्ति के पास कोई अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना होती है, तो वे ऐसे किसी प्रस्तावित व्यापार की पूर्व-निकासी के लिए आवेदन करने के हकदार नहीं होंगे, इसलिए, उन्हें व्यापार करने की अनुमति नहीं होगी । पूर्व-निकासी की प्रक्रिया इस प्रकार होगी -

Designated Persons (including their dependants) and their immediate relatives, who intend to deal in the securities of the Company when the trading window is opened and if the value of the proposed trades is Rs.10 Lakhs or 2500 equity shares whichever is lower in a calendar quarter (either in one transaction or in a series of transactions), should pre-clear the transaction by the Compliance Officer. However, no designated person shall be entitled to apply for pre-clearance of any proposed trade if such designated person is in possession of unpublished price sensitive information even if the trading window is not closed and hence he shall not be allowed to trade. The pre-clearance procedure shall be as hereunder:

(i) ऐसे पदनामित व्यक्ति या उनके नज़दीकी रिश्तेदार, जो प्रतिभूतियों में लेन-देन करना चाहते हैं, अनुपालन अधिकारी को यहाँ संलग्न किए गए **फार्म-III** में, लेन-देन की जाने वाली प्रतिभूतियों की अनुमानित संख्या, निक्षेपागार जिनके पास उनका सुरक्षा खाता है, के विवरण और अनुपालन द्वारा यथा अपेक्षित अन्य ब्यौरे देते हुए आवेदन कर सकते हैं।
An application may be made in the **Form-III** annexed herewith to the Compliance officer by such Designated Persons or their immediate relatives who intends to deal in the securities, indicating the estimated number of securities that the applicant intends to deal in, the details as to the depository with which he/she has a security account and such other details as may be required by the Compliance Officer.

(ii) पदनामित व्यक्तियों द्वारा कंपनी के पक्ष में यहाँ संलग्न प्रारूप के अनुसार वचन-पत्र /घोषणा दी जाएगी। अनुपालन अधिकारी को इसका मूल्यांकन करने और निर्णय लेने का अधिकार है कि क्या ऐसे वचन-पत्र/घोषणा तथ्यात्मक रूप से सटीक है ।
An undertaking/declaration as per format annexed herewith shall be executed in favour of the Company by designated persons. The Compliance Officer shall have the

discretion to assess and decide as to whether such undertaking/declarations are factually accurate.

(iii) अनुपालन अधिकारी आवेदन प्राप्त करने पर पदनामित कर्मचारियों या उनके नज़दीकी रिश्तेदारों को आवेदन की दूसरी प्रति पर एक पावती देंगे और उसे अनुमोदित करेंगे जब तक कि उनकी राय यह न हो कि ऐसे अनुमोदन से इस संहिता, विनियमों या अधिनियम अथवा उस समय प्रचलित किसी कानून के प्रावधानों का उल्लंघन होता है । अनुपालन अधिकारी पावती की तारीख से 2 दिनों के भीतर यहाँ संलग्न **फॉर्म-IV** में मंजूरी देंगे। यदि अनुपालन अधिकारी 2(दो) व्यापार दिनों में जवाब नहीं देते हैं, तो इसे आवेदन की अस्वीकृति माना जाएगा ।
The Compliance officer shall on receiving an application provide the Designated Employees or their immediate relatives with an acknowledgment on the duplication of the application and shall approve it unless he/she is of the opinion that the grant of such approval would result in a breach of the provisions of the Code, or the Regulations or the Act or any other law in force at that time. The Compliance officer shall grant approval in the **Form-IV** annexed herewith within 2 days from date of acknowledgement. If the Compliance Officer does not respond within 2 (two) Trading Days, it shall be deemed to be a rejection of the application.

(iv) अनुपालन अधिकारी द्वारा शामिल किए गए /किए गए सभी लेनदेन प्रबंध निदेशक द्वारा अनुमोदित होंगे ।
All transactions involving/undertaken by the Compliance Officer shall be approved by the Managing Director.

(v) सभी पदनामित कर्मचारी या उनके नज़दीकी रिश्तेदार पूर्व-स्वीकृति का अनुमोदन दिए जाने के बाद पाँच व्यापार दिनों के भीतर कंपनी की प्रतिभूतियों के संबंध में अपने आदेश का निष्पादन करेंगे । यदि अनुमोदन दिए जाने के बाद पाँच व्यापार दिनों के भीतर आदेश निष्पादित नहीं किया जाता है तो, पदनामित कर्मचारी लेनेदेन को दोबारा पूर्व-स्वीकृति देंगे ।
All Designated Employees or their immediate relatives shall execute their order in respect of securities of the Company within five trading days from the date of approval of pre-clearance is given. If the order is not executed within five trading day after the approval is given, the designated employee must pre-clear the transaction again.

(vi) पदनामित अधिकारी यहाँ संलग्न किए गए **फार्म-V** में अनुपालन अधिकारी को ऐसे लेन-देन का विवरण लेन-देन किए जाने के 2 (दो) दिनों के भीतर फाइल करेंगे । यदि लेन-देन नहीं किया जाता है, तो पदनामित कर्मचारी या उसके नज़दीकी रिश्तेदार को इस तरह के निर्णय और अनुपालन अधिकारी को इसका कारण तत्काल सूचित करना होगा।
The designated employee shall file within 2 (two) days of the execution of the deal, the details of such deal with the Compliance Officer the **Form-V** annexed herewith. In case the transaction is not undertaken, the Designated Employee or his/ her immediate relative shall inform the Compliance Officer of such decision along with reasons thereof immediately.

(vii) कोई पदनामित कर्मचारी या उनके नज़दीकी रिश्तेदार व्यापार विंडो बंद होने पर या उनके पास अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना होने पर, किसी प्रस्तावित व्यापार की पूर्व-निकासी का आवेदन नहीं करेंगे । किसी भी व्यापार का अनुमोदन करने से पहले, अनुपालन अधिकारी इस आशय की घोषणाएँ देखने के हकदार होंगे कि पूर्व निकासी के आवेदक के पास कोई अप्रकाशित कीमत संवेदन सूचना नहीं है। उसे इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि क्या ऐसी कोई घोषणा यथोचित रूप से प्रदान की जा सकने योग्य है।
No Designated Employee or his/ her immediate relative shall apply for pre-clearance of any proposed trade when the trading window is closed or if he/she is in possession of unpublished price sensitive information. Prior to approving any trades, the compliance officer shall be entitled to seek declarations to the effect that the applicant for pre-

clearance is not in possession of any unpublished price sensitive information. He/she shall also have regard to whether any such declaration is reasonably capable of being rendered inaccurate.

## 12.0 रिपोर्टिंग की अपेक्षाएँ या प्रतिभूतियों में लेन-देन **Reporting Requirements or Transactions in Securities**

### 12.1 प्रारंभिक प्रकटण / Initial Disclosure

12.1.1 प्रत्येक प्रवर्तक, प्रवर्तक ग्रूप का सदस्य, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक और कंपनी के निदेशक इन विनियमों के प्रभावी होने के तीस दिनों के भीतर, इसके साथ संलग्नक फार्म-ए में उनके द्वारा धारित कंपनी की प्रतिभूतियों के विवरण प्रकट करेंगे जिसमें उनके नज़दीकी रिश्तेदार द्वारा धारित प्रतिभूतियों के विवरण भी शामिल होंगे ।

Every promoter, Member of Promoter Group, Key Managerial Personnel and Director of the Company, within thirty days of these regulations taking effect, shall disclose his/her holding of securities of the Company including the statement of holdings of Immediate Relatives in **Form-A** annexed herewith.

12.1.2 प्रत्येक व्यक्ति, जो मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने पर या प्रवर्तक या प्रवर्तक ग्रूप का सदस्य बनने पर, कंपनी में ऐसी नियुक्ति या प्रवर्तक बनने की तारीख को, ऐसी नियुक्ति या प्रवर्तक बनने के सात दिनों के भीतर, यहाँ दिए गए **फार्म-बी** में कंपनी की प्रतिभूतियों में अपने धारण को प्रकट करेंगे ।

Every person on appointment as a Key Managerial Personnel or a Director of the Company or upon becoming a Promoter or member of Promoter Group shall disclose his holding of securities of the Company in **Form-B** annexed herewith as on the date of appointment or becoming a promoter, to the Company within seven days of such appointment or becoming a promoter.

### 12.2 निरंतर प्रकटण / Continual Disclosure

12.2.1 यदि व्यापार की गई प्रतिभूतियों का मूल्य, कैलेंडर की किसी तिमाही में एक या एक से अधिक लेनदेन होने पर, कुल रु. 10 लाख या 2500 ईक्विटी शेयर, इनमें से जो कम हो, होता है तो प्रत्येक प्रवर्तक, प्रवर्तक ग्रूप के सदस्य, कंपनी के पदनामित व्यक्ति, ऐसे लेनदेन के दो व्यापार दिवसों के भीतर, अर्जित या निपटाई गई ऐसी प्रतिभूतियों की संख्या का प्रकटण यहां संलग्न किए गए **फार्म-सी** में कंपनी को करेंगे ।

Every Promoters, Member of the Promoter Group, Designated Persons of the Company shall disclose to the Company in **Form-C** annexed herewith the number of such securities acquired or disposed of within two trading days of such transaction if the value of the securities traded, whether in one transaction or a series of transactions over any calendar quarter, aggregates to a traded value in excess of Rs. 10 lakhs or 2500 equity shares whichever is lower.

12.2.2 प्रकटण निम्नलिखित के 2 कार्य दिवसों के भीतर किया जाएगा -

The disclosure shall be made within 2 working days of:

a) प्रतिभूतियों के आबंटन की सूचना की प्राप्ति, या
the receipt of intimation of allotment of securities, or

b) प्रतिभूतियों का अधिग्रहण या बिक्री या मतदान के अधिकार, जैसा मामला हो ।
the acquisition or sale of securities or voting rights, as the case may be.

12.2.3 खंड 12.1 और खंड 12.2 के तहत किसी भी व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले प्रकटण में ऐसे प्रकटण भी शामिल होंगे, जो ऐसे व्यक्ति के नज़दीकी रिश्तेदार द्वारा, और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, जिनसे ऐसे व्यक्ति व्यापार संबंधी निर्णयों का सुझाव लेते हैं, से संबंधित है ।

The disclosures to be made by any person under clause 12.1 and clause 12.2 shall include those relating to trading by such person's immediate relatives, and by any other person for whom such person takes trading decisions.

12.2.4 प्रतिभूतियों में व्यापार के प्रकटण में प्रतिभूतियों के व्युत्पन्नों में किए गए व्यापार भी शामिल होंगे तथा व्युत्पन्नों के किए गए व्यापार का मूल्य खंड 12.1 और खंड 12.2 के उद्देश्य से हिसाब में लिया जाएगा।
The disclosures of trading in securities shall also include trading in derivatives of securities and the traded value of the derivatives shall be taken into account for purpose of clause 12.1 and clause 12.2.

**स्पष्टीकरण** - इस उप-विनियम के तहत किसी प्रकटण के बाद वृद्धिशील लेनदेनों का प्रकटण तब किया जाएगा जब पूर्व में किए गए प्रकटणों के बाद प्रभावित लेनदेन खंड 12.2.1 में विनिर्दिष्ट ऊपरी सीमा को पार कर जाते हैं।
**Explanation:** Disclosure of the incremental transactions after any disclosure under this sub-regulation, shall be made when the transactions effected after the prior disclosure cross the threshold specified in clause 12.2.1.

## 12.3 अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा प्रकटण / Disclosures by the other Connected Persons

12.3.1 कंपनी अपने विवेक पर प्रतिभूतियों के धारण का प्रकटण तथा कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए संबंधित व्यक्तियों के किसी भी वर्ग की आवश्यकता कंपनी द्वारा यथा निर्धारित किसी आवृत्ति पर, यहाँ संलग्न **फार्म-डी** में व्यक्त कर सकती है।
The Company may at its discretion require any class of connected persons to make disclosures of holdings and trading in securities of the Company in **Form-D** annexed herewith at such frequency as may be determined by the Company.

## 12.4 कंपनी को किए जाने वाले अन्य प्रकटण / Other Disclosures to the Company:

12.4.1 पदनामित व्यक्ति कंपनी को निम्नलिखित व्यक्तियों के स्थायी खाता संख्या या विधि द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य पहचान वार्षिक आधार पर और वर्ष के अंत से 30 दिनों के भीतर और जब जानकारी बदलती है / बदली जानकारी, देने की आवश्यकता होगी -
Designated persons shall be required to disclose names and Permanent Account Number or any other identifier authorized by law of the following persons to the company on an annual basis and as and when the information changes within 30 days from the end of the year/ change of information:

a) नज़दीकी रिश्तेदार
immediate relatives
b) व्यक्ति, जिसके साथ पदनामित व्यक्ति महत्वपूर्ण वित्तीय संबंध साझा करते हैं
persons with whom such designated person(s) shares a material financial relationship
c) फोन, मोबाइल और सेल नंबर जिनका इस्तेमाल उनके द्वारा किया जाता है।
Phone, mobile and cell numbers which are used by them

इसके अलावा, उन शैक्षिक संस्थानों के नाम जहाँ से पदनामित व्यक्तियों ने स्नातक किया है और उनके विगत नियोक्ताओं के नाम भी, एक बार के आधार पर, बताए जाएंगे।
In addition, the names of educational institutions from which designated persons have graduated and names of their past employers shall also be disclosed on a one time basis.

स्पष्टीकरण - पदबंध "महत्वपूर्ण वित्तीय संबंध" का अर्थ ऐसे संबंध से होगा, जिसमें एक व्यक्ति किसी भी प्रकार के भुगतान का प्राप्तकर्ता होता है, जैसे पिछले ठीक बारह महीने के दौरान ऋण या उपहार के रूप में कुछ प्राप्त करना

जो अदाकर्ता की वार्षिक आय के कम से कम 25% के समतुल्य हो लेकिन इसमें ऐसे संबंध शामिल नहीं होंगे जिनमें भुगतान पक्षकारों के स्वतंत्र लेन-देन पर आधारित होता है।
Explanation – The term "material financial relationship" shall mean a relationship in which one person is a recipient of any kind of payment such as by way of a loan or gift during the immediately preceding twelve months, equivalent to at least 25% of such payer's annual income but shall exclude relationships in which the payment is based on arm's length transactions.

## 12.5 कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज (एक्सचेंजों) को प्रकटण Disclosure by the Company to the Stock Exchange(s)

12.5.1 खंड 12.2 और 12.3 के तहत सूचना की प्राप्ति के 2 दिनों के भीतर, अनुपालन अधिकारी प्राप्त सूचना को ऐसे सभी स्टॉक एक्सचेंजों में प्रकट करेंगे जहाँ कंपनी सूचीबद्ध है।
Within 2 days of the receipt of intimation under Clause 12.2. & 12.3, the Compliance Officer shall disclose to all Stock Exchanges on which the Company is listed, the information received.

## 13.0 भेदिया व्यापार की रोकथाम करने की प्रक्रिया Mechanism for Prevention of Insider Trading

